तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2026

18 खेल और लोक संस्कृति के संगम से ग्रामीणों में...

18 राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के...

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

मास्टर कूपन 29 सितम्बर 2026

कूपन नं. 6

खबर संक्षेप

ट्रक चालक ने की गाली गलौज

महासमुंद। कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने के बाद हुए विवाद के दौरान ट्रक चालक द्वारा एक बैंककर्मी के साथ गाली गलौज किए जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बैंककर्मी व पंजाबीपारा महासमुंद निवासी 27 सितंबर को कार से अपनी मां के साथ रायपुर जा रहा था। सुबह करीब 11.30 बजे एनएच 353 रोड बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्र सीजी 04 एनवाय 4700 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजएवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को दाहिने ओर से घसीट कर एक्सीडेंट कर दिया है। जब प्रार्थी ने ट्रक ड्रायवर को ठीक से गाड़ी ठीक से नहीं चलाता है कहा, तब आरोपी गाली गलौज करने लगा। मामले की रिपोर्ट धारा 125(ए), 281, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

युवक के साथ मारपीट, चाकू से हमला

महासमुंद। नगर के इमलीभांठा में एक युवक के साथ मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। वार्ड नं 2 इमलीभांठा निवासी व लॉंड्री दुकान संचालक विकास निर्मलकर के साथ मोहल्ले के युवक मोंटू सेन ने मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। रिपोर्ट में पुलिस को प्रार्थी विकास ने बताया कि 27 सितंबर की शाम 05.30 बजे वह अपनी दुकान में था, उसी समय बहन टीकम बाई धीवर ने दुकान में आकर बताया कि मोहल्ले का मोंटू सेन बिना कारण उसके साथ गाली गलौज कर रहा है और मारने-पीटने की धमकी दे रहा है। तभी आरोपी मोंटू सेन पिता सुंदर सेन भी वहां पर आ गया और उसकी बहन के साथ गाली गलौज करते हुए मारने के लिए चाकू निकाल लिया, जब बचने के लिए उसकी बहन दुकान के अंदर आई, तब बीच बचाव के दौरान मोंटू सेन ने प्रार्थी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। घटना में प्रार्थी के बाएं भुजा, चेहरे एवं पीठ में चोटें आई हैं। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस कगे तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

विरोध-प्रदर्शन : वोट चोरी के खिलाफ फूटा कांग्रेस का गुस्सा, निकाली रैली

काले कपड़े पहनकर कांग्रेसजन पहुंचे कलेक्टोरेट लहराए काले झंडे और मांगा मोदी-शाह का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को मतदाता सूची में धांधली और ₹वोट चोरी₹ का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जिलेभर से जुटे कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेताओं की रैली कांग्रेस भवन से कलेक्टोरेट के लिए निकली। हाथों मे काले झंडे और काले कपड़े पहने हुए कांग्रेसी केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुए। ।

रैली से पूर्व कांग्रेसियों ने नेहरू चौक स्थित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। एकत्रित विशाल जनसमूह ने मतदाता सूची से असंवैधानिक रूप से नागरिकों के नाम हटाने के आरोपी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन

किया। पुतला दहन के पश्चात, काले वस्त्र पहने एवं काले झंडे लहराते हुए हजारों कार्यकर्ताओं का हुजूम कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने के लिए निकला।

कलेक्ट्रेट घेराव के लिए आगे बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट से कुछ दूरी पहले ही भारी पुलिस बल के साथ बैरिकेड्स लगाकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया। द्वारिकाधीश यादव (जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक), देवेंद्र बहादुर (पूर्व राज्यमंत्री), चातुरी नंद (सरायपाली विधायक), डॉ. रश्मि चंद्राकर (पूर्व जिलाध्यक्ष), विनोद चंद्राकर (पूर्व संसदीय सचिव), लक्ष्मण पटेल (जिला प्रभारी महामंत्री), गुरमीत चावला (शहर कांग्रेस अध्यक्ष) वक्ताओं ने संबोधन के दौरान कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिसे कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उद्बोधन के पश्चात, मौके पर पहुंचे डिप्टी कलेक्टर को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

यह रहे आंदोलन में मौजूद

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व राज्यमंत्री देवेंद्र बहादुर, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, राशि महिलांग, भूपेंद्र ठाकुर, मुकेश यादव, खिलावन साहू, खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, मुस्ताक खान, दिव्येश चंद्राकर, गणेश शर्मा, समीम खान, मंजीत सलूजा, इस्तेयाक खैरानी, लखबीर छाबड़ा, देवनाथ साहू, कमल अग्रवाल, तन्मय पंडा, अमन चंद्राकर, गुलशन साहू, जय देवांगन, सूरज नायक, सोमेश दवे, नितेंद्र बैनर्जी, वीरेंद्र चंद्राकर, मानिकराम साहू, देवेश साहू, तबरेज खान, राजू साहू, गोपी तारक, अनुराग चंद्राकर, महेंद्र साहू, दुर्गा सागर, जयश्री दास, भोलेनाथ गंधर्व, अरिश अनवर, युवराज साहू सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हार के डर से कटवाए जा रहे मतदाता सूची से नामः द्वारिकाधीष

विरोध मार्च के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मतदाता सूची में धांधली के पीछे सीधे तौर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह को निशाना बनाते हुए 'मास्टरमाइंड' होने का आरोप लगाया और इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि ₹देश की जनता अब मोदी और शाह की असलियत को अच्छी तरह जान चुकी है, इसलिए चुनाव में हार के डर से विपक्षी पार्टियों के वोट काटने एवं मतदाता सूची से फर्जी तरीके से नाम हटवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन की मुख्य मांग

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में अनधिकृत बदलावों, एकतरफा निर्णयों एवं संवैधानिक पद के दुरुपयोग के आरोपी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से हटाकर गिरफ्तार किया जाए और कानूनी कार्रवाई की जाए। पिछले 10 महीनों में मतदाता सूचियों से जबरन हटाए गए व जोड़े गए नामों तथा आईटी प्रणाली के केंद्रीकरण के फैसलों की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए। चुनाव आयोग को राजनीतिक दबाव से मुक्त कर निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बहाल की जाए।

ज्ञानेश कुमार की कथित धांधली के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर व जिलाध्यक्ष राकेश झाबक एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमन यादव के नेतृत्व में महासमुंद के लोहिया चौक में धरना देने के उपरांत आक्रोश रैली निकाल कर ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग, केंद्र की मोदी सरकार की इसमे संलिप्तता के विरोध में नारेबाजी के साथ देश के राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस न्यायपूर्ण मांग पर त्वरित और कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो देश के लोकतंत्र के संरक्षण और लोकहित को ध्यान में रखते हुए नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमन यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, जिला संगठन मंत्री शकील खान, महिला विंग जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष एमडी सागर, बसना विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर साहू, जिला सचिव मोहन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष पुनाराम निषाद, महेश कर्ष, हरीश पटेल, रितेश यादव, गुण सागर साहू, गौरव प्रजापति, अगेश्वर यादव, हेमलाल साहू, विकास कुमार, कादिर चौहान, संजय यादव, लक्ष्मी यादव आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस और विपक्षी इंडी गठबंधन के झूठ का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्रेस वार्ता में भाजपाईयों ने कहा : भ्रम और मनगढ़ंत कहानियों की राजनीति ध्वस्त

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब बौखलाहट में अब देशद्रोही आचरण पर उतारू हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस अब देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने, लगातार झूठ और फरेब के राजनीति कर देश को बदनाम करने में जुटी हुई है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही।

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त समेत तीनों आयुक्तों के संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह साबित हो गया है कि आयोग में मतभेद संबंधी कांग्रेस के तमाम दावे न केवल खोखले हैं, बल्कि जान-बूझ कर देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और भारत की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की राहुल गांधी की सोची-समझी साजिश है। केंद्रीय चुनाव आयोग के संयुक्त प्रेस

नोट से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। इस संबंध में अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट भी कोरी कल्पना के अलावा कुछ नहीं है। समाचार में कैबिनेट सेक्रेटरी को लिखे जिस पत्र का जिक्र है, यह न तो किसी किसी नीतिगत विषय से संबंधित है, न ही एसआईआर से संबंधित। वह सामान्य प्रशासकीय विषय था। वैसे भी चुनाव आयोग सीधे राष्ट्रपति के प्रति जिम्मेदार है, इसलिए कैबिनेट सचिव को किसी नीतिगत मामले पर पत्र लिखने का कोई तुक ही नहीं है, न ही आयुक्तों ने ऐसा कोई पत्र लिखा है।

अफसोस की बात यह है कि जिन विषयों को सुप्रीम कोर्ट तक सही ठहरा चुका है, उसके खिलाफ भी कांग्रेस झूठ फैला रही है। फॉर्म-6 के घोषणापत्र समेत अनेक विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय से पहले ही पक्ष में निर्णय आ चुका है, फिर भी कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की नाकाम कोशिश करती रहती है।

कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू के साथ कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित भाजपाजन मौजूद रहे।

पुराना मंडी परिसर के आसपास अतिक्रमण को विधायक के निर्देश पर हटाया

महासमुंद। कृषि उपज मंडी समिति के पुराना मंडी परिसर के आसपास हुए अतिक्रमण का महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन को निर्देशित कर तत्काल अतिक्रमण हटवाया गया। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा उक्त भूमि में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से कृषि आदान सह व्यवसायिक परिसर अंतर्गत 27 नग दुकान निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से 40 प्रतिशत दुकान एग्री-बिजनेस एवं गौ उत्पाद के लिए आरक्षित रहेगा तथा शेष 60 प्रतिशत दुकानों की नीलामी नियमानुसार मंडी द्वारा कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीण फल सब्जी विक्रेताओं के लिए किसान उपभोक्ता बाजार निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सड़क के किनारे फल एवं सब्जी विक्रय करने वाले विक्रेताओं को नि :शुल्क लाभ मिलेगा।

ट्रैक्टर के जैक रॉड से महिला की हत्या, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। ट्रैक्टर के जैक रॉड से मारकर एक महिला की हत्या उसके पति ने कर दी। ग्राम बड़ेटेमरी में हुई इस घटना की रिपोर्ट पर आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

ग्राम बड़ेटेमरी की रहने वाली सुभाषिनी साव की हत्या उसके पति बालकराम साव ने ट्रैक्टर का जैक रॉड मारकर कर दी। पुलिस ने बताया घटना रिपोर्ट मृतक महिला के भाई सदानंद साहू पिता लक्ष्मण साहू ग्राम पौंसरा ने रिपोर्ट कराई है। रिपोर्ट के अनुसार 27 सितंबर की रात करीबन 08.15 बजे मृतका सुभाषिनी के के देवर भोजलाल साव ने सदानंद साहू को फोन कर बताया कि तुम्हारी दीदी सुभाषिनी साव को तुम्हारे जीजा बालकराम साव ने मार दिया है। सूचना मिलने के बाद सदानंद अपनी बहन के घर पहुंचा और देखा कि सुभाषिनी साव (उम्र 48 वर्ष) किचन में लहूलुहान अवस्था में मृत पड़ी थी। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी और खून बह रहा था। मौके पर मौजूद भोजलाल साव ने उसे घटना को लेकर बताया कि जीजा बालकराम साव ने ट्रैक्टर के जैक रॉड से दीदी सुभाषिनी साव के सिर पर जोरदार प्रहार किया है, जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्टकर्ता ने आशंका व्यक्त की है कि किसी आपसी या पारिवारिक विवाद के चलते ही जीजा ने गुस्से में आकर इस घटना को अंजाम दिया है।

तुमगांव क्षेत्र में चोरी के उक्त प्रकरणों में 4.5 लाख से अधिक की संपत्ति बरामद

चोरी के तीन मामलों का खुलासा, नौ गिरफ्तार किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने चोरी के तीन मामलों में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तुमगांव क्षेत्र में द्वारा चोरी के उक्त प्रकरणों में कुल 4.5 लाख रूपये से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है।

पहले मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शंकर भारती निवासी तेंदूवाही 02.09.26 की दोपहर जब खेत से वापस आया तो देका कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर आलमारी में रखे नगदी रकम सात हजार रुपए, 1.5 तोला चांदी का पायल कीमत लगभग 6350 रुपए, तीन नग सोने का लॉकेट कीमत 9300 रुपए को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ कर संदेही के बारे साक्ष्य जुटाए गए व क्षेत्र में मुखबीर लगाये गये। इसके बाद पुलिस को मुखबीर के माध्यम से संदेही रोहित आवले पिता पतिराम आवले (27 साल) तेंदूवाही के बारे में जानकारी मिली। संदेही को थाना लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई, जिस पर उसने प्रार्थी शंकर भारती के सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी रोहित आवले की निशानदेही पर चोरी का 03 नग सोने का लॉकेट कीमत करीबन 9300 रुपए, एक जोड़ी चांदी का पायल 1.5 तोला कीमत करीबन 6350 रुपए कुल कीमत

करीबन 15,650 को बरामद किया गया।

मां के गहने चोरी कर लिया गोल्ड लोन, पांच आरोपी गिरफ्तार

अपने ही घर और दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को उसके साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि प्रार्थी मानिक लाल साहू ने 16 सितंबर को तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 सितंबर को वह अपने घर में संचालित दुकान में ताला लगाकर खेत गया था। दोपहर करीबन एक बजे वापस घर लौटने पर देखा कि उसके दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के गल्ले पांच हजार गायब थे। वहीं घर के दूसरे कमरे में उसका बेटा शिवम साहू मौजुद था, जिससे दुकान का ताला टूटने व चोरी गई रकम के संबंध में पूछने पर उसने दुकान का ताला तोड़ गल्ले से पूरी रकम चोरी करने की बात कही। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेही शिवम साहू से पूछताछ की। जिस पर उसने प्रार्थी मानिक लाल साहू के गल्ले से 5000 रुपए को चोरी करना एवं पूर्व में भी अपनी मां के रखे सोने के नेकलेस एवं सोने के झुमके को वर्ष 2023-2024 में चोरी करना और गांव के मोहन साहू और टीकेलाल जलक्षत्री के जरिये महासमुंद के मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा में गिरवी रखकर पैसा प्राप्त करना बताया। पुलिस ने आरोपी शिवम साहू की निशानदेही पर उसके कब्जे से नगदी 500 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक लोहे का सरिया, आरोपी मोहन साहू व टीकेलाल जलक्षत्री द्वारा मणप्पुरम गोल्ड लोन बस स्टैंड शाखा महासमुंद में गिरवी रखे 02 नग सोने का झुमका कीमत 2,38,000 रुपए, 01 नग सोने का नेकलेस कीमत 1,50,000 रू. को मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा के मैनेजर के पेश करने पर आरोपी शिवम साहू पिता मानिक साहू (25 साल, टिकेलाल जलक्षत्री पिता स्व. नंद कुमार जलक्षत्री (38 साल), ⏭ शेष पेज 17 पर

आरा मिल में मारपीट

महासमुंद। लकड़ी कटाने आरा मिल गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। भंवरपुर का मंगल प्रसाद देवांगन 27 सितंबर को को लकड़ी कटाने मजदूर भरूदाउ एवं नरोत्तम भोई को लेकर आरा मिल बसना गया था। जहां लकड़ी कटाने के दौरान विवाद के चलते नरोत्तम भोई गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शराब जब्ती के तीन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में शराब जब्ती के तीन मामलों में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि ग्राम झालपाली आरोपी बुधराम नागवंशी के घर की बाड़ी से कुल 60 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 12,000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में सरायपाली पुलिस ने फारेस्ट नाका के पास ग्राम कोसमपाली रोड से आरोपी मोहनलाल यादव पिता छबिलाल यादव (28 साल) कोसमपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब भरी हुई कीमत 3000 रुपए को बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। तीसरे मामले में पटेवा पुलिस ने रायतुम चौक टुरीडीह से आरोपी ओमप्रकाश बाघमारे के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा
विधायक, महासमुंद विधानसभा

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर
पार्षद, नगर पालिका परिषद महासमुंद
श्री लेखराम साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत बरोंडाबाजार
श्रीमती दुर्गारूपलाल पटेल
सरपंच, ग्राम पंचायत कुरूभांठा
श्रीमती अनिता मोती मेहरा
सरपंच, ग्राम पंचायत खट्टी
श्रीमती आरती दीवान
सरपंच, ग्राम पंचायत चौकबेड़ा
श्रीमती सविता रामाधर दीवान
सरपंच, ग्राम पंचायत जलकी
श्री मयंक ध्रुव
सरपंच, ग्राम पंचायत लभराखुर्द
श्रीमती वीणा कमलेश चंद्राकर
सरपंच, ग्राम पंचायत खरोरा
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा
विधायक, महासमुंद विधानसभा

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
अभिषेक पांडेय
भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़
शुभम पांडेय
भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा जी
विधायक, विधानसभा-महासमुंद
आकाश पाण्डेय
जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
अरविंद प्रहरे
प्रदेश मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा
राजू चंद्राकर
उपाध्यक्ष, भाजपा शहर मंडल महासमुंद
रामदयाल यादव
अध्यक्ष, बेमचा सोसायटी

महासमुंद विधानसभा के यशस्वी, मिलनसार,
सरल, सहज विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर)
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मा.योगेश्वर राजू सिन्हा जी
विधायक, महासमुंद विधानसभा
प्रेम चंद्राकर
संदीप घोष
श्याम साकरकर
अध्यक्ष, ग्रा.से.सह.समिति
झालखम्हरिया

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा जी
विधायक, विधानसभा-महासमुंद
दिनेश रूपरेला
जिला महामंत्री
भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद

महासमुंद विधानसभा में करोड़ों की सौगात
दिलाने वाले विकास पुरूष विधायक...
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
महासमुन्द शहर में नये बस स्टैण्ड के लिए 650 लाख
नगर पालिका नये कार्यालय भवन के लिए 350 लाख
प्राविधिक स्वीकृति कराने लिए विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा जी का धन्यवाद
देवीचंद राठी
महेन्द्र सिका
सुश्री उत्तरा प्रहरे
राजू चंद्राकर
राकेश सचदेव

महासमुंद विधानसभा के लोकप्रिय नेता, विकास पुरूष, सरल स्वभाव के धनी
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
29
September
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
विधायक, विधानसभा महासमुंद
श्रीमती हुलसी जितेंद्र चंद्राकर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत महासमुंद
श्रीमती दीशा दीवान
अध्यक्ष, जनपद पंचायत महासमुंद
सृष्टि मोहित ध्रुव
सभापति
श्रीमती सुषमा राकेश टंडन
सभापति
श्री महेन्द्र साहू
सभापति
श्री बलविंदर सिंह सिद्धू
सभापति
श्री रोशन पटेल
सभापति
श्रीमती सुधा योगेश्वर चंद्राकर
सभापति
श्री धनेश गायकवाड़
सभापति
श्रीमती योगेश्वरी राजेश साहू
सभापति
श्री विष्णु साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती गजल विक्रम महिलांग
जनपद सदस्य
श्रीमती प्रियंका लवेश ढीढी
जनपद सदस्य
श्रीमती रूपकुमारी खेलावन ध्रुव
जनपद सदस्य
श्रीमती दशरी दौलत ध्रुव
जनपद सदस्य
श्रीमती तीजन गब्बर साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती निधि लोकेश चंद्राकर
जनपद सदस्य
श्री संतोष साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती नीता तुलाराम साहू
जनपद सदस्य
श्रीमती संगीता राहुल चंद्राकर
जनपद सदस्य
श्रीमती पुष्पा ध्रुव
जनपद सदस्य
श्रीमती अश्विनी हुमन दीवान
जनपद सदस्य
श्रीमती विजय लक्ष्मी जांगड़े (बबली)
जनपद सदस्य
श्रीमती अंजली जगन्नाथ खैरवार
जनपद सदस्य
कौशिल्या ठाकुर
जनपद सदस्य

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक, जन-जन के लाडले
मा. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को जन्मदिन (29 सितम्बर) की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं...
संतु यादव
प्राधिकृत अधिकारी
सोसायटी अध्यक्ष
दिनेश्वर साहू
विनीत : समस्त कृषक बंधु एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित-रायतुम (पंजीयन-1213)

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक, जन-जन के लाडले
मा. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
को जन्मदिन
(29 सितम्बर) की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं....
उदेराम ध्रुव
प्राधिकृत अधिकारी
सोसायटी अध्यक्ष
भोजराम ध्रुव
रूपलाल पटेल
विनीत : समस्त कृषक बंधु एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सरेकेल (पंजीयन-852)

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

खबर संक्षेप

कल बनेंगे दिव्यांग एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र

महासमुंद। जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, महासमुंद) में संचालित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक बुधवार को दिव्यांग प्रमाणपत्र के सत्यापन, नवीनीकरण एवं नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। वहीं प्रत्येक शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा हितग्राहियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि महात्मा गांधी जयंती पर शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026 को सार्वजनिक सामान्य अवकाश होने के कारण उक्त दिवस की मेडिकल बोर्ड संबंधी सेवाओं में परिवर्तन किया गया है।

पेज 01 का शेष

चोरी के तीन मामलों...

मोहन साहू पिता लालाराम साहू (32 साल) निवासी ग्राम खैरझिटी गिरफ्तार किया गया।

बाइक चोरी के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार: तुमगांव पुलिस ने चोरी के तीसरे मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार दो बाइक बरामद किया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया क 26.09.2026 की सुबह 07 बजे वाहन चेकिंग के दौरान दो बिना नंबर की मोटर सायकल में पांच लड़के अमावस तिराहा की ओर जा रहे थे जिन्हे रोककर दोनों बाइक हीरो पैशन प्रो एवं हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर में आगे-पीछे नंबर नहीं होने व वाहनों की कागजात पेश करने कहा गया। जिसके संबंध में वे गोलमोल जवाब दे रहे थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेहियों ने हीरो पैशन प्रो बाइक को महाशिवरात्रि मेला के दौरान ग्राम खड़मा से चोरी करना एवं हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर बाइक को पिकाडली प्लांट ग्राम अछोली की पार्किंग से चोरी करना बताया। उक्त चोरी के दोनों मोटर सायकल में से हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर की चोरी होने की रिपोर्ट पूर्व में प्रार्थी पीला दाउ साहू निवासी भोरिंग थाना तुमगांव में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपीगणों के संयुक्त कब्जे से उक्त दोनों बाइकों को जब्त कर आरोपी थानू पटेल पिता लक्ष्मीनारायण पटेल (20 साल) वार्ड नं. 05 बाजार चौक तुमगांव, संजय कुमार क्षेत्रपाल पिता मनोज कुमार क्षेत्रपाल (18 वर्ष) वार्ड नं. 04 बाजार चौक तुमगांव, कमलेश पटेल पिता लक्ष्मीनारायण पटेल (22 साल) वार्ड नं. 05 बाजार चौक तुमगांव, सागर कुमार क्षेत्रपाल पिता मनोज कुमार क्षेत्रपाल (27 वर्ष) वार्ड नं. 04 बाजार चौक तुमगांव एवं रवि साहू पिता संतोष साहू (23 वर्ष) वार्ड नं. 08 तुमगांव को गिरफ्तार किया गया है।

धान खरीदी : वर्ष 2026-27 में भी किसानों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी में विभाग

राज्य में पिछले वर्ष सर्वाधिक धान खरीदने में जिला रहा अव्वल, 99.43 प्रतिशत धान का हुआ उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में किसानों को उनकी उपज के विक्रय के लिए व्यवस्थित, सुगम और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही उपार्जित धान के सुरक्षित एवं समयबद्ध प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिससे राज्य में सर्वाधिक धान खरीदने वाला जिला के रूप में पहचान बनी।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में शासन के निर्देशानुसार महासमुंद जिले में धान उपार्जन व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। जिले में कुल 1,60,118 किसान पंजीकृत थे। इनमें से 1,49,759 किसानों ने अपना धान विक्रय किया, जो कुल पंजीकृत किसानों का 93.53 प्रतिशत है। किसानों को उनके क्षेत्र के नजदीक धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले में 182 धान उपार्जन केंद्रों का संचालन किया गया। सभी उपार्जन केंद्रों को फाइनलाइज्ड करते हुए उपार्जन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। इन केंद्रों के माध्यम से कुल 10,19,568.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई।

धान खरीदी के बाद उसके सुरक्षित भंडारण और समयबद्ध उठाव को लेकर भी विभाग द्वारा प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उपार्जन प्रक्रिया के बाद समितियों द्वारा 10,13,782.07 मीट्रिक टन धान का उठाव/निराकरण किया गया, जो कुल खरीदी का 99.43 प्रतिशत है। इससे उपार्जित धान के सुरक्षित एवं समयबद्ध प्रबंधन में महत्वपूर्ण

सफलता मिली। इसी क्रम में जिले में सीएमआर के निर्धारित 5,41,421.91 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2,05,677.89 मीट्रिक टन चावल जमा किया गया। धान के सुरक्षित भंडारण के लिए जिले में 05 धान संग्रहण केंद्र भी उपलब्ध रहे।

शासन की किसान हितैषी नीतियों का लाभ छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। जिला खाद्य शाखा की रिपोर्ट के अनुसार महासमुंद जिले में 5 एकड़ तक के कुल 26,352 से अधिक किसानों को धान बोनस राशि का लाभ मिल रहा है। इनमें 1 से 2.5 एकड़ तक के लगभग 14,046 सीमांत किसान पंजीकृत हैं, जिनका कुल रकबा 7,169 हेक्टेयर से अधिक है। वहीं 2.5 से 5 एकड़ तक के लगभग 12,306 लघु किसान पंजीकृत हैं।

इस प्रकार छोटे और सीमांत किसानों को मिलने वाली बोनस राशि खेती की लागत, घरेलू जरूरतों और कृषि गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहायक बन रही है। किसानों के लिए यह व्यवस्था धान की खरीदी से लेकर उपज का उचित मूल्य, समय पर भुगतान, उपार्जन केंद्रों तक आसान पहुंच और खरीदी के बाद धान के सुरक्षित प्रबंधन को भी सुनिश्चित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में भी किसानों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खाद्य विभाग द्वारा समयबद्ध तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत 19,000 गार्डन के लक्ष्य के विरुद्ध 5,036 गार्डन प्राप्त हुए हैं। इसी तरह सितंबर तक पीडीएस बारदाना के लिए निर्धारित 2,006 गार्डन के विरुद्ध 751 गार्डन प्राप्त किए जा चुके हैं।

किसानों को अपने क्षेत्र के नजदीक धान विक्रय की सुविधा मिल सके, इसके लिए खरीफ वर्ष 2026-27 में 20 नवीन धान उपार्जन केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इनमें महासमुंद में 2, बागबाहरा में 5, पिथौरा में 1, बसना में 11 और सरायपाली में 1 नवीन केंद्र शामिल हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरला के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरला कोसरिया के जन्मदिन पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए जनसेवा और संगठन के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया। सरला लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने समाजसेवा के माध्यम से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और बाद में भाजपा संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ ही उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं तथा विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी

संभाल चुकी सरला कोसरिया वर्तमान में राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में महिलाओं को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं। सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी और महिलाओं के बीच निरंतर संवाद उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरला कोसरिया का सरल एवं सहज व्यवहार, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाता है। जन्मदिन परक्षेत्रभर से भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा सोशल मीडिया तथा व्यक्तिगत रूप से बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। शुभचिंतकों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि सरला कोसरिया आगे भी जनसेवा के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिलाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।

विशेष स्वास्थ्य जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माय भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 'हंड्रेड संडेज़ कैंपेन' एवं "माय हेल्थ, माय प्राइड" (मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व) थीम के तहत जिला अस्पताल खरोरा में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से पूर्णतः दूर रहने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। मुख्य आकर्षण एवं विशेषज्ञ सत्र कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। नीलू घृतलहरे डीपीएम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, मासिक स्वास्थ्य प्रबंधन तथा नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. राम गोपाल खुटे (साइकियाट्रिक सोशल वर्क) ने मानसिक स्वास्थ्य, मासिक स्वास्थ्य तथा आत्महत्या रोकथाम के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। टिकेश्वरी गिरी गोस्वामी (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) ने तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई।

मेघा ताम्रकार (साइकोलॉजिस्ट कौंसलर) ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं नशा उन्मूलन के संबंध में विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग के आंकड़े शिविर के दौरान आरबीएसके अर्बन टीम द्वारा विद्यार्थियों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 54 मरीजों की बीपी, आरबीएस, वजन, ऊंचाई की जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग शामिल रही) 40 विद्यार्थियों के एक्स-रे किए गए। 46 विद्यार्थियों की लैब जांच की गई। जांच शिविर को सफल बनाने में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन के साथ-साथ डॉ. सुजाता शुक्ला, डॉ. विकास चौहान, सुरेखा साहू (फार्मासिस्ट) एवं विशाखा साहू सहित जिला अस्पताल स्टाफ का सहयोग रहा।

कार्यक्रम के संचालन और प्रबंधन में लीनू चंद्राकर, अर्चना तिवारी, मेनका चंद्राकर, सत्यज्ञान पटेल, वसुंधरा साहू (जिला अधिकारी), डॉ. निखिल गिरी गोस्वामी (हॉस्पिटल कंसल्टेंट), तेजसर राठौर, राहुल ठाकुर (अर्बन कंसल्टेंट) तथा देव डडसेना (योगा ट्रेनर) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित योग एवं व्यायाम, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर माय भारत से अशोक चक्रधारी, स्वयंसेवक इति, रितिक पहाड़िया, ग्रंथ चोपड़ा, राजेश, दिनेश साहू आदि का सहयोग रहा।

बकमा समिति में हुई वार्षिक आमसभा

कोमाखान। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बकमा में साधारण वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभापति लिलेश्वर बल्ला साहू सरपंच एवं अध्यक्षता अशोक चक्रधारी, विशेष अतिथि हिमांशु जायसवाल पर्यवेक्षक शाखा कोमाखान, मानसिंह ध्रुव पूर्व सरपंच, वसीम रजा, प्रेमशंकर सिन्हा, ज्ञानचंद चक्रधारी, हेमलाल साहू मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर पूजन अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। पश्चात समिति प्रबंधक राजेंद्र साहू द्वारा समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विशेष अतिथि प्रेम शंकर सिन्हा ने उद्बोधन में किसान हित में कार्य करने प्रेरित किया। सुपरवाइजर जायसवाल ने किसानों को शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं एवं लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों और समिति के बीच आने वाले योजनाओं के बारे में चर्चा हुई। कार्यक्रम में समिति के कर्मचारी कुलमणि चक्रधारी, ईश्वर पांडे, गिरीश चक्रधारी, आशीष कुमार ध्रुव का विशेष सहयोग रहा। आमसभा में बड़ी संख्या में किसान जुटे।

महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग परिषद का हुआ गठन, कोमल अध्यक्ष एवं पूर्वी उपाध्यक्ष मनोनीत

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.करुणा दुबे के मार्गदर्शन में रसायन परिषद गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, विभागाध्यक्ष सरस्वती सेठ, प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक, नम्रता तंबोली अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र, रुपावती अतिथि व्याख्याता गणित मंचस्थ रहे। प्राचार्य प्रो करुणा दुबे द्वारा सत्र 2026-27 के मनोनीत रसायन परिषद की घोषणा की।

जिसमें अध्यक्ष कोमल साहू तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष पूर्वी सेन प्रथम सेमेस्टर, सचिव पायल प्रजापति तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव भाग्यश्री यादव प्रथम सेमेस्टर को मनोनीत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य में तृतीय सेमेस्टर से अभिषेक साहू, संजय मेहेर, मिनेश बारीक, आरती मेहता, कुमकुम ठाकुर, रोशनी भोई एवं एमएससी प्रथम सेमेस्टर से पिंकी पटेल, लिकृति साहू, गेश्वरी साहू, यमन खांडे, मनीष कुमार, रुपेश सेठ मनोनीत किया गया। प्रो. करुणा दुबे ने सभी मनोनीत पदाधिकारीयों को अनुशासन में रहकर परिवेश के अनुसार अपने आप को तैयार रखने एवं ईमानदारी, निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने प्रेरित किया। डॉ. ईपी चेलक ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थी कम समय में अच्छे से प्रबंध कर लेते है। साथ ही समय का सदुपयोग, सही रास्ते का चुनाव कर अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में पूर्व छात्र लक्ष्मी चंद्राकर जिन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर प्रवीण्य सूची में अपना स्थान प्राप्त किया और विभाग का नाम रौशन किया उन्हें रसायनशास्त्र विभाग द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

व्यंजन एवं फूल सजाओ प्रतियोगिता भी हुई

कार्यक्रम में व्यंजन एवं फूल सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रियंका सोनवानी, डॉ जगदीश सत्यम, रूपावती निर्णायक रहे। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मी खैवार, द्वितीय लीना साहू एवं रोशनी भोई, तृतीय पूर्वी सेन रहे। इसी प्रकार फूल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी चक्रधारी, द्वितीय मनीष, तृतीय भूपेश ने प्राप्त किया। साथ ही सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डेमन लाल साहू प्रयोगशाला परिचारक, रोहित कन्नौजे प्रयोगशाला परिचारक, शशांक दानी प्रयोगशाला परिचारक सहित एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लंबित पेंशन प्रकरण और सीजीपीएफ पासबुक संधारण को लेकर एसोसिएशन मिला बीईओ बागबाहरा से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग टीचर्स एसोसिएशन विकासखंड बागबाहरा के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव की अगुवाई में ब्लॉक इकाई बागबाहरा का एक प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा डीएन दीवान से भेंटकर शिक्षक संवर्ग के समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंद कुमार साहू, ब्लॉक सचिव मनीष अवसरिया, ब्लॉक कोषाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, मेघराज साहू, परमानंद निर्मलकर, राजेंद्र पांडे ने विकासखंड में शिक्षक संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक संवर्ग के आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर पेंशन, अवकाश नगदीकरण, समूह बीमा, ग्रेज्युटी जैसे उपादानों की भुगतान होती है, जिससे कठिन आर्थिक परिस्थिति से गुजर रही शोक संतप्त परिवार को संबल मिलता है। ब्लॉक बागबाहरा में लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निराकृत किया जावे। एसोशिएशन ने चर्चा दौरान कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के पुनः स्मरण पत्र के बावजूद ग्रीष्म अवकाश में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शासन के निर्देशानुसार अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाना था। परन्तु, यह कार्य आज भी लंबित है। जनगणना कार्य में लगे शिक्षक संवर्ग को नियमानुसार अर्जित अवकाश की पात्रता होती है, जिसे भी सेवा पुस्तिका में संधारित नहीं किया गया है। सेवा पुस्तिका अपडेशन, सेवा पुस्तिकाओं की स्थानीय संपरीक्षक लेखा कार्यालय में सत्यापन, संविलयन पश्चात सेवा पुस्तिकाओं का कोष एवं लेखा कार्यालय में सत्यापन कार्य भी शेष है। जिसके कारण सेवानिवृति के पश्चात या आकस्मिक निधन हो जाने की स्थिति में उपादानों एवं स्वत्वों के भुगतान में बड़ी दिक्कतें आ रही है। अतः सत्यापन कार्य शीघ्र कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने अब तक लंबित एनपीएस पास बुक संधारण तथा सीजीपीएफ पास बुक संधारण को योजनाबद्ध तरीके से संधारित करने की मांग की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान ने उपरोक्त बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए योजनाबद्ध तरीके से शीघ्र निराकृत करने की बात कही। उक्ताशय की जानकारी ब्लॉक सचिव मनीष अवसरिया ने दी है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम साराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर ने शाला के विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक भगत सिंह देश की आजादी के लिए ब्रिटिशों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वे 23 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए। उसके कार्यों ने राष्ट्र के युवाओं को राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया है। इस मौके पर शिक्षक भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल, देवकी सिंह दीवान, माहेश्वरी एवं इंडियन कॉलेज के छात्र उपस्थित हुए।

अमनपुरी में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा आज से

नर्रा। विकासखंड बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम अमनपुरी में जय ठाकुर देव स्पोर्ट्स क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 29 एवं 30 सितंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दर्शकों के मंनोरजंन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बसंता ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष पूर्व जिला सदस्य महासमुंद होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जलसिंह चक्रधारी ग्राम पंचायत परसुली करेंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व उपसरपंच भोजराम चक्रधारी होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भीखम ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद होंगे। अध्यक्षता सरपंच जलसिंह चक्रधारी करेंगे। इस प्रतियोगिता के दौरान स्व.पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह मांझी की स्मृति में ठाकुर परिवार द्वारा खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के लिए भोजन तथा गज्जू यादव द्वारा चाय की व्यवस्था की गई है।

भक्तिमय गीतों से हुआ गणेश विसर्जन

बिरकोनी। बिरकोनी में गणपति विसर्जन धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। नम आंखों से श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई दी। विसर्जन स्थल में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजता रहा। ग्राम स्थित शीतला तालाब और महामाया तालाब में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने बप्पा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। तालाब के पवित्र जल में नम आंखों से विसर्जन किया गया।

लता मंगेशकर की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के स्वर कोकिला एवं भारत से सम्मानित लता मंगेशकर की जयंती मनाई गई। लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज़, अद्भुत गायन प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने भारतीय संगीत को विश्वभर में एक नई पहचान दिलाई। उनके गीत आज भी करोड़ों लोगों के दिलों को छूते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

निधन

कमल पटेल

नर्रा। ग्राम बकमा निवासी कमल पटेल (44) का 25 सितंबर शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज व परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शरीक: विभिन्न आयोजनों में पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर

खेल और लोक संस्कृति के संगम से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-06 में शनिवार को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न आयोजनों में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की।

वनांचल ग्राम टेंगराही (गुलझर), ग्राम पंचायत भोथा (कोमाखान) में आयोजित रात्रिकालीन एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का ठाकुर ने पूजा-अर्चना, रिबन काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कर विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला टेंगराही एवं गुलझर की टीमों के बीच हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ठाकुर ने कहा कि कबड्डी हमारी माटी और ग्रामीण जीवन से जुड़ा पारंपरिक खेल है, जो युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, संयम और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

इसके पश्चात नवाडीह–जुनवानी खुर्द में गणेश युवा समिति के नेतृत्व में आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी ठाकुर शामिल हुए। कका-भतीजा गम्मत नाच पार्टी सरायपाली–कोमाखान एवं रंजित चक्रधारी नाच पार्टी की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन केवल मनोरंजन के माध्यम नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, लोककला और सामाजिक एकता को जीवंत बनाए रखने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं, ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और नई पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ती है। उन्होंने दोनों आयोजनों के आयोजक मंडल, खिलाड़ियों, कलाकारों, युवाओं, मातृशक्ति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि क्षेत्र में खेल, संस्कृति और सामाजिक सहभागिता से जुड़े आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस अवसर पर जनपद सदस्य तुलाराम ठाकुर, सरपंच बल्लाराम जगत, कैलाश ध्रुव, उपसरपंच बृज ठाकुर, पूर्व सरपंच नेहरू चक्रधारी, सरपंच गौरी मुकेश ठाकुर, जनकराम नायक, हरि यादव, ओम प्रकाश ध्रुव, हीरा साहू, आयोजन समिति के पदाधिकारी, युवा, मातृशक्ति, बुजुर्ग सियान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत पिथौरा में वीबी-जी-राम-जी योजना की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जनपद पंचायत पिथौरा के सभा कक्ष में आज सभी रोजगार सहायकों एवं तकनीकी सहायकों की वीबी-जी-राम-जी योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे ने की। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने विकास कार्यों को अधिक से अधिक प्रस्तावित करने तथा कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा गंभीर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से पृथक करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके साथ ही वर्तमान में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड पिथौरा में आयोजित किए जा रहे शिविरों के सफल आयोजन तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पर्याप्त प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

आकाश बने असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष

पिथौरा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव व पूर्व विधायक बसना देवेंद्र बहादुर की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष दिलीप जैन ने कांग्रेस संगठन के प्रति वर्षों से समर्पित एवं सक्रिय रूप से कार्य कर रहे आकाश महंती को असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति पर आकाश ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारकाधीश सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे। असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना उनका प्रयास रहेगा। आकाश की नियुक्ति पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करण दीवान, नरेंद्र सेन, रंजीत कोसरिया, अरविंदर छाबड़ा, नंदू राजपूत, कौशल रोहिल्ला, आशु अग्रवाल, मिनकू अजमानी, कनक तिवारी, प्रफुल्ल राजपूत, टेकू साहू, स्वतंत्र पांडेय, गोपाल पांडे समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए जिला स्तरीय चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशानुसार पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन के लिए जिला स्तरीय परेड चयन 28 सितंबर 2026 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे, डॉक्टर मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, निर्णायक प्रोफेसर अजय कुमार राजा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, प्रदीप कन्हेर लेफ्टिनेंट, डॉक्टर सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, मनहरण ठाकुर शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, गायत्री चंद्राकर शांतिबाई कॉलेज, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी कॉलेज, कुलेश्वर पेदरिया महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुमन लाल निषाद इंडियन कॉलेज, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राजेश्वरी सोनी उपस्थित रहे। चयनित स्वयंसेवकों में नम्रता साहू शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय, आंचल बंदे शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दामिनी यादव शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, टेमेंद्र साहू शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निरंजन सिन्हा शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नवीन निषाद इंडियन कॉलेज शामिल है। यह स्वयंसेवक 30 तारीख को विश्वविद्यालय चयन प्रक्रिया में शामिल होंगे। प्रतीक्षा सूची में रिया साहू शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रेमा साहू शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय रही। प्राचार्य करुणा दुबे द्वारा उद्बोधन में स्वयंसेवकों को लगन और मेहनत के साथ एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरित किया। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि परेड एक सतत प्रक्रिया है, नियमित गतिविधि में शामिल करते हुए रोज अभ्यास की आवश्यकता है।

पिथौरा में खेल मैदान निर्माण के लिए 2.94 करोड़ की स्वीकृति

सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने राज्य सरकार का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर पंचायत पिथौरा के विकास को नई गति देने वाली महत्वपूर्ण पहल के तहत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान निर्माण कार्य के लिए 2.94 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। खेल मैदान निर्माण के लिए मिली इस स्वीकृति से पिथौरा में खेल सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। इससे नगर के खिलाड़ियों, युवाओं और खेल गतिविधियों से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने कहा कि पिथौरा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक युवा विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन बेहतर खेल मैदान एवं आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आधुनिक एवं व्यवस्थित खेल मैदान का निर्माण खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

मनमीत छाबड़ा ने कहा कि खेल मैदान केवल खेल गतिविधियों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह युवाओं के लिए स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित वातावरण तैयार करने का माध्यम भी बनेगा।

सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि 2.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी विकास की इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस राशि से बनने वाला खेल मैदान आने वाले समय में नगर के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा के रूप में विकसित हो सकता है। छाबड़ा ने कहा कि पिथौरा में खेल सुविधाओं का विस्तार होने से यहां के खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर ही अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही, आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ी भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति से पिथौरा के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। आने वाले समय में पिथौरा की खेल प्रतिभाएं बेहतर सुविधाओं के साथ जिला, संभाग, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगी, ऐसी उम्मीद है।

जनता को असली मुद्दों से भटका रही केंद्र की मोदी सरकार: आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मन की बात में महंगाई पर बात क्यों नहीं करते प्रधानमंत्री

देश के प्रधानमंत्री का काम जनता को असली मुद्दों से भटकाना नहीं होता। लेकिन, मोदी सरकार में यह सामान्य है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने आज तक महंगाई के 'म' तक पर चर्चा नहीं की। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव और जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष एवं आलोक चंद्राकर ने मोदी के मन की बात को जनता को भ्रमित करने वाला कार्यक्रम बताए हुए उक्त बातें कही है। चंद्राकर ने कहा कि तांबा और एल्युमीनियम जैसे कच्चे माल की कीमत का हवाला देकर कंपनियां 1 अक्टूबर से एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों के दाम 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ाने जा रही हैं। अगस्त में प्याज की कीमत 48.27 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। सब्जी से लेकर बिजली के सामान तक हर चीज महंगी होती जा रही है। परिवारों की बचत लगातार घट रही है और कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि त्योहारों के मौसम में जनता को लूटने का यह सिलसिला बेरोकटोक जारी है। प्रधानमंत्री बताएं कि महंगाई और जनता की परेशानियों पर मन की बात में चर्चा कब होगी?

मध्यम वर्ग और गरीब की कमर तोड़ने वाली इस महंगाई से गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार अपनी जरूरतें कैसे पूरी करेगा? सरकार की ओर से कोई राहत नहीं मिल रही है और प्रधानमंत्री जनता की चिंताओं से बेफिक्र हैं।

अग्रिम राशि लेकर गम्मत पार्टी नहीं पहुंची, समिति ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

नर्रा। ग्राम जुनवानीखुर्द में नवयुवक गणेशोत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम के लिए नवरंग मौलीभांठा ओडिशा लड़की नाच गम्मत पार्टी को आमंत्रित किया गया था। लेकिन, नवरंग पार्टी द्वारा एन वक्त पर मोबाइल को स्विच ऑफ कर दिया। गणेश समिति के सदस्यों ने हेतराम सबर और उनकी नाचा पार्टी के खिलाफ बागबाहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं कका भतीजा के संस्थापक रजित चक्रधारी ने बताया कि नवयुवक गणेश समिति जुनवानीखुर्द ने गांव में मनोरंजन के लिए नवरंग मौलीभांठा की नाचा गम्मत पार्टी को आमंत्रित किया था। इसके लिए पार्टी के प्रतिनिधि हेतराम सबर को 4 हजार रुपए बयाना अग्रिम के रूप में दी गई थी। तय तिथि के दिन सुबह से समिति के सदस्यों को आने का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन शाम 5 बजे अचानक अपना मोबाइल फोन को बंद कर दिया गया। तय तिथि पर कार्यक्रम निर्धारित था। प्रचार-प्रसार होने से कार्यक्रम देखने आसपास गांवों के ग्रामीणजन व दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचे थे। नवरंग नाच पार्टी मौली भांठा ने कार्यक्रम देने नही आए, इससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष रवि मांझी, सचिव मानसिंह मांझी, सदस्य चीनी साहू, रघुराम पटेल, कार्तिक साहू, देवानंद साहू, हीराराम साहू, शत्रुघन चक्रधारी समेत ग्राम के प्रमुखजनों ने बागबाहरा थाना पहुंचकर हेतराम सबर व उनके कलाकारों के खिलाफ लिखित शिकायत आवेदन सौंपकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

नशामुक्ति एवं मोबाइल के दुरुपयोग के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रम्हाकुमारी सुमन दीदी के सानिध्य में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुमन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मोबाइल के दुरुपयोग के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को मोबाइल का सीमित एवं सकारात्मक उपयोग करने तथा अपना समय पढ़ाई, रचनात्मक गतिविधियों और अच्छे संस्कारों में लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। प्राचार्या गुरप्रीत कौर के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा मोबाइल के दुरुपयोग से बचते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गढ़गांव में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए गर्भवती माताओं और महिलाओं से संवाद किया तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि मातृशक्ति का स्वास्थ्य और सम्मान समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। गर्भावस्था से लेकर बच्चे के प्रारंभिक विकास तक परिवार और समुदाय की सकारात्मक भूमिका आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए स्वास्थ्य, पोषण एवं संस्कार से जुड़े संदेशों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं एवं किशोरी एवे नन्हें बच्चे उपस्थित थे।

मेरे सपनों का भारत के तहत चित्रकला एवं भाषण स्पर्धा हुई

विधायक के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सेवा संकल्प अभियान के तहत हुई प्रतियोगिताएं

'सेवा संकल्प अभियानः सेवा और सपना के 25 वर्ष' के अंतर्गत स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के सभागार में विकासखंड स्तरीय ₹मेरे सपनों का भारत₹ राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि बच्चों की कल्पना और विचारों में ही सशक्त व आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक तस्वीर दिखाई देती है। कला और अभिव्यक्ति के माध्यम से विद्यार्थी देश के विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझ रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, सेवा संकल्प अभियान संयोजक राहुल चंद्राकर, संदीप दीवान, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, एपीसी धनवंतरि सिन्हा, अजय भोई, संदीप घोष, निधि लोकेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपसिंह दीवान, आनंद साहू, पार्षद मनीष शर्मा, नानू भाई एवं विद्यालय की प्राचार्य संध्या चंद्राकर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।